पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने रक्षाबन्धन की बधाई दी

लखनऊः 21 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने रक्षाबन्धन के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकानमाएं देते हुए उनकी सुख, समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि भाई–बहन के प्रेम एवं रक्षा के वचन का यह पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। वर्तमान समय में देश एवं दुनिया कोरोना जैसी महामारी से लड़ रहे हैं। इन परिस्थितियों में सभी लोग टीकाकरण कराएं, स्वस्थ एवं कुशल रहें, प्रगति करें और सशक्त बनें।

उन्होंने महिलाओं को रक्षाबन्धन की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा है कि वे अपना रक्षा कवच स्वयं बनने के साथ–साथ अपने परिवार, गांव, समाज, प्रदेश एवं देश की सुरक्षा में योगदान देने की सामर्थ्य को पूरी क्षमता से आगे लाएं।

राजभवन(19/16)